दैनिक
प्रकाशन के 09 वर्ष
जनता की आवाज
# मीडिया फॉर यू
RNI: UPHIN/2015/65169
गुरुवार 12 दिसम्बर 2024
वर्ष: 09, अंक: 321
पृष्ठ: 04 मूल्य: 02 रुपया
गाजियाबाद से प्रकाशित हापुड़ ❖ मेरठ ❖ शामली ❖ मुजफ्फरनगर ❖ बागपत ❖ सहारनपुर ❖ बिजनौर ❖ दिल्ली एनसीआर में प्रसारित
Email:- m4unews@gmail.com 8445657566



सीएमओ ने किया सीएचसी का... 4

## मुख्यमंत्री ने बस्ती में कर्मा देवी समूह के 15वें स्थापना दिवस समारोह में की शिरकत

**बस्ती:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह भूमि भगवान राम के जन्म के हेतु का कारण है। प्रभु श्रीराम ने प्रेरणा दी कि व्यक्ति कितना भी बड़ा और यश-धनधान्य से परिपूर्ण न हो जाए, वह तब तक अधूरा है, जब तक मां और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित न कर ले। मां की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखते और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य निभाते हुए गरीब छात्र भी अच्छी व आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सके, इसके लिए दोनों भाइयों ने मां के नाम पर कर्मा देवी समूह और पिता के नाम पर फॉमेर्सी कॉलेज स्थापित किया। उनका उद्देश्य था कि इसके जरिए हजारों बच्चे कर्मपथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हुए सम्मान के साथ स्वावलंबन का जीवनयापन करें। एक व्यक्ति का स्वावलंबन समाज व राष्ट्र का स्वावलंबन होता है।

सीएम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया। सीएम ने ओमनी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का बटन दबाकर शिलान्यास किया। सीएम ने सरोज सिंह व देवमंगल सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सरोज सिंह जब मंदिर आती थी, तब कहती थीं कि एक दिन आप मुख्यमंत्री बनेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि व्यक्ति पर पांच ऋण होते हैं। मां, पिता, गुरु, मातृभूमि व देवगणों के लिए जो कुछ भी कर पाएंगे, उनकी स्मृतियों व आदर्शों को जीवन में जिस हद तक अंगीकार करने का प्रयास कर पाएंगे, यही उद्धण होने का माध्यम होता है। ओएन सिंह व देवमंगल सिंह का प्रारंभिक जीवन संघर्षों



से भरा था। जब पूर्वी उप्र संसाधन के अभाव में जूझ रहा था, सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, शिक्षण संस्थान, रोजगार के साधन नहीं थे, उन स्थितियों में अपनी शिक्षा को अनवरत बनाए रखना मां की साधना के बिना संभव नहीं था। 1981 में देवमंगल सिंह (अब स्मृतिशेष) आईएफएस बने व 1983 में ओएन सिंह उप्र पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अधिकारी बने।

सीएम ने कहा कि जो निर्णय 50 वर्ष पहले होना चाहिए था, उसे 50 वर्ष पीछे करके यहां के युवाओं को पलायन के लिए मजबूर किया, तत्कालीन सरकारों ने उनकी प्रतिभा को कुंद किया। सरकारें यहां की समृद्धि में बाधक रहीं। यदि 50 वर्ष पहले नर्सिंग, फॉमेर्सी, लॉ कॉलेज, बीसीए इंस्टीट्यूट, सीबीएसई बोर्ड के अच्छे विद्यालय स्थापित होते, निजी क्षेत्र में हॉस्पिटल व ट्रॉमा सेंटर बनते तो यहां का युवा भी देश के अंदर प्रत्येक क्षेत्र में छा जाता। जिन माता-पिता ने प्रयास किया, उनके बच्चे बढ़ गए। जिनके पास साधन नहीं थे, उनके बच्चे पिछड़ गए। नर्सिंग का क्षेत्र ऐसा है, जहां अच्छी शिक्षा दे दी जाए तो प्लेसमेंट की गारंटी सौ फीसदी है। भारत के नर्सिंग-पैरामेडिक्स की मांग पूरी दुनिया में है।

सीएम ने कहाकि कोरोना में चीन ने धोखा दे दिया। दवाइयां नहीं भेजीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के फॉर्मा उद्योग को पुनर्जीवित किया और दवाइयां यहीं पर मिलनी प्रारंभ हुई यानी जिन दवाओं के लिए हम दुनिया पर निर्भर रहते थे, उसे फॉर्मा उद्योग आगे बढ़ा सकता है। उप्र में सरकार फॉर्मा पार्क बना रही है। इसमें 2000 एकड़ क्षेत्र में फार्मा से जुड़े अलग-अलग उद्योग लगने जा रहे हैं। पहले चरण में बुंदेलखंड में इस कार्य को आगे बढ़ाया है। वहां उद्योग लगने शुरू हो गए हैं। लोगों ने प्रोडक्शन की तैयारी शुरू कर दी। सीएम योगी ने कहा कि विकसित देशों ने योग्यता, तकनीक व परिश्रम की पराकाष्ठा को महत्व व प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाकर स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर किया। पीएम ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प रखा है। दुनिया भारत के महत्व को समझ रही है। भारत की प्रतिभा को जहां भी मौका मिला, उसने खुद को सााबित किया। दुनिया की 100 प्रतिष्ठित कंपनियों में से 20 के सीईओ भारत के युवा हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों में भाषाई कौशल, सांस्कृतिक जागरूकता और आत्मविश्वास विकसित करने की योगी सरकार की पहल

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश भर के स्कूलों में भारतीय भाषाओं और संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में 04 से 11 दिसंबर तक 'भारतीय भाषा उत्सव 2024' का आयोजन किया गया। सप्ताहभर चलने वाला यह आयोजन बच्चों को भारतीय भाषाओं की समृद्ध और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास रहा। 'भाषाओं के माध्यम से एकता' थीम पर आधारित यह उत्सव न केवल बच्चों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया, बल्कि उन्हें मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं के महत्व का गहन एहसास भी कराया। यह थीम भारत की आत्मा और इसकी भाषाई विविधता के प्रतिबिंब के रूप में बच्चों के मनः स्थिति पर साकारात्मक प्रभाव भी डाला है। आयोजन के माध्यम से बच्चों में भाषाई कौशल, सांस्कृतिक जागरूकता और आत्मविश्वास जैसे गुण विकसित करने की पहल की गई। यह प्रयास उन्हें भारतीय भाषाओं की अनूठी धरोहर से जुड़ने और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। 'भारतीय भाषा उत्सव 2024' का आयोजन बच्चों में भाषाई और सांस्कृतिक समृद्धि के बीज बोने का महत्वपूर्ण कदम है। बतातें चलें कि यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत बहुभाषिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जिसमें मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने पर बल देने के साथ साथ विद्यार्थियों में भाषाई कौशल विकसित करने और बहुभाषिकता के लाभों को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित था।

### जिला जज डीएम व एसएसपी ने किया जेल का ओचक निरीक्षण,जेल अधीक्षक को दिए निर्देश

**मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**



मुजफ्फरनगर में माननीय जिला न्यायधीश डा अजय कुमार द्वितीय जिलाधिकारी उमेश मिश्रा महोदय तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। अधिकारीगण द्वारा निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर का निरीक्षण करते हुए विशेष सफाई एवं बंदियों को मेन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इसके पश्चात अधिकारीगण द्वारा पुरुष व महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। तत्पश्चात कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रखरखाव व मुलाकाती रजिस्टर का अवलोकन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से जिला कारागार में लगी जैमर प्रणाली व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया गया। इसके उपरान्त कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया गया कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। अधिकारीगण द्वारा जिला कारागार अधीक्षक सीताराम शर्मा को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराएं, शातिर बंदियों पर कडी निगरानी रखे, जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाये, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। अंत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिला कारागार में तैनात पुलिस बल को डयूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए

## गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं, दबंगों को सबक सिखाएं: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को करारा कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके, इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे।

जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। सीएम ने अफसरों से कहा कि वे हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाएं ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट करते हुए स्नेहिल भाव से आशीर्वाद दिया।

## एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में बहु-विषयक कौशल विकास पर सात दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

**मीडिया फॉर यू**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, मोदीनगर, गाजियाबाद के अंग्रेजी और विदेशी भाषा विभाग द्वारा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए "पेशेवर स्थिरता के लिए बहु-विषयक कौशल संवर्धन" विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 10-16 दिसंबर 2024 से कराया जा रहा है।



इस कार्यशाला का उद्देश्य गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के संचार कौशल, विश्लेषणात्मक क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व कौशल और आलोचनात्मक सोच को विकसित करना है। यह कार्यशाला पेशेवर विकास, नौकरी में संतुष्टि और समग्र कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है।



इस कार्यशाला के माध्यम से, संस्थान बहु-विषयक कौशल के महत्व को उजागर करने और तेजी से बदलते कार्य वातावरण में प्रतिस्पर्धात्मक बने रहने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का प्रयास कर रहा है।

हम अपने संरक्षकों डॉ. एस. विश्वनाथन (निदेशक), डॉ. आर.पी. महापात्रा (डीन), डॉ. नवीन अहलावत (डीन, एसएंडएच), डॉ. एन.एम. मिश्रा (डीन, एफएमएस), और डॉ. धौम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) के मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञ हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक प्रो. (डॉ.) नवीन अहलावत और डॉ. मधुरीमा श्रीवास्तव, समन्वयक डॉ. निर्मल शर्मा, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. सविता यादव, श्री वरुण मिश्रा, और आयोजन समिति के अन्य सदस्यों डॉ. संदीप कुमार, डॉ. यामीन खान, डॉ. भारती चंद्रायन, डॉ. एन. तारनी एन. कुलश्रेष्ठ, डॉ. चंदर शेखर, डॉ. जी.एस. शर्मा, सुश्री प्रीति शर्मा, श्री राकेश कुमार, सुश्री शिखा चौहान, श्री ऋषभ आर्यन, श्री अविनाश कुमार, और सुश्री प्रेरणा शर्मा के योगदान की भी सराहना करते हैं। आपके समर्थन और सहयोग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




## प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 531.5 मिलियन बैंक खाते खोले गए: समावेशी वित्त भारत रिपोर्ट

**मीडिया फॉर यू**

वाराणसीः ग्लोबल समावेशी वित्त शिखर सम्मेलन 2024 में समावेशी वित्त भारत रिपोर्ट 2024 लॉन्च की गई, जो होटल अशोक में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में वैश्विक नीति निमार्ताओं, वित्तीय नेताओं और नवप्रवर्तकों ने भाग लिया और वित्तीय समावेशन के माध्यम से समान विकास को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की। इसे एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज द्वारा आयोजित किया गया था, और इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान संगठन ने बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट जारी की, जिसके मुख्य बिंदु उद्घाटन सत्र में प्रस्तुत किए गए। यह शिखर सम्मेलन भारत की परिवर्तनकारी वित्तीय समावेशन यात्रा और इसके वैश्विक स्तर पर असहाय समुदायों को सशक्त बनाने पर इसके प्रभाव का अन्वेषण करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम में 16वें समावेशी वित्त पुरस्कारों का भी आयोजन हुआ, जिसमें वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण पहलों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को मान्यता दी गई।

एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के सीईओ विपिन शर्मा ने शिखर सम्मेलन के महत्व को व्यक्त करते हुए कहा, ह्लग्लोबल समावेशी वित्त शिखर सम्मेलन 2024 न केवल भारत की अद्वितीय प्रगति को साझा करने का एक अवसर है, बल्कि समावेशी वित्त के भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण स्थापित करने का भी है। वैश्विक विचार नेताओं और विशेषज्ञों को एक साथ लाकर, हमारा लक्ष्य एक ऐसा मार्ग निर्धारित करना है जो सभी के लिए, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे हैं, वित्तीय पहुंच को बढ़ावा दे। यह आयोजन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नीतियों और प्रथाओं के लिए आधार तैयार करता है जो जीवन को बदल सकते हैं, आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकते हैं, और समुदायों की मजबूती को सशक्त बना सकते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "शिखर सम्मेलन में समावेशी वित्त भारत रिपोर्ट 2024 का शुभारंभ महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह गहरे दृष्टिकोण प्रदान करेगा, जो न केवल हमारी उपलब्धियों को उजागर करेगा, बल्कि उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी सामने लाएगा जिनमें सतत वृद्धि और समावेशन की इस यात्रा को जारी रखने के लिए केंद्रित कार्रवाई की आवश्यकता है।



## सम्पादकीय

# समय से पहले बुढ़ापा

यह मौजूदा वक्त की विडंबना है कि आय बढ़ने के साथ लोगों ने घर में बने खाने की बजाय डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाने को तरजीह देना शुरू कर दिया है। सूचना माध्यमों के जरिये तुरत-फुरत के खाने के विज्ञापनों का इतने आक्रामक ढंग से प्रचार किया जाता है कि बच्चे क्या, बड़े भी डिब्बाबंद खाने के मुरीद होने लगते हैं। यह जानते हुए कि यह उनकी सेहत पर भारी है। जब घर के बड़े-बुजुर्ग इससे बचाव की सलाह देते हैं तो वे इसे पुरातनपंथी सोच करार दे देते हैं। लेकिन डिब्बाबंद खाने की मुहिम चलाने वाले पश्चिमी देशों को भी अब अहसास हो चला है कि डिब्बाबंद खाने से समय से पहले बुढ़ापा दस्तक देने लगता है। खानपान की पश्चिमी संस्कृति के वाहक इटली में हुए एक शोध ने विकसित देशों को भी नींद से जगाया है। दरअसल, इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी के एक हालिया शोध ने फिक्र बढ़ाने वाला निष्कर्ष दिया है कि डिब्बाबंद भोजन के जरूरत से ज्यादा सेवन से व्यक्ति का शरीर समय से पहले बूढ़ा हो जाता है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि इसके सेवन से हमारे शरीर की कोशिकाएं और ऊतक समय से पहले वृद्ध होने लगते हैं। यदि कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करता है तो बुढ़ापा जल्दी आएगा। इस शोध में करीब साढ़े बाइस हजार लोगों को शामिल किया गया। निष्कर्ष में पाया गया कि अधिक मात्रा में जंक फूड व प्रसंस्कृत भोजन का उपभोग करने वाले लोगों की जैविक उम्र अधिक दर्ज की गई। वैज्ञानिकों का दावा है कि हमारे खाने में शामिल प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के मुक्त कण अन्य स्वस्थ अणुओं के विरुद्ध प्रतिक्रिया देते हैं। चिंता की बात यह है कि ये न केवल डीएनए व आरएनए बल्कि प्रोटीन को भी नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे समय से पहले ही शरीर की कोशिकाएं मरने लगती हैं। अंततः शरीर समय से पहले बूढ़ा होने लगता है। वहीं आशंका जतायी जा रही है कि रासायनिक पदार्थों द्वारा संरक्षित डिब्बाबंद खाना हमारे शरीर में सूजन भी पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं कालांतर व्यक्ति मोटापा, हृदय रोग, दूसरी श्रेणी के मधुमेह व गठिया जैसे रोगों का भी शिकार हो सकता है। दरअसल, खाद्य पदार्थों का बाजार चलाने वाली कंपनियों की कोशिश होती है कि खाने को देर तक संरक्षित किया जाए। खाद्यान्न को प्रसंस्कृत करने के लिये सुरक्षित रखने वाले रासायनिक पदार्थों व सोडियम का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा अधिक मात्रा में चीनी तथा शरीर के लिये नुकसानदायक रसायन, वसा व काबोर्हाइड्रेट भी खाने को देर तक चलने लायक बनाने के लिये इस्तेमाल किए जाते हैं। जो आखिरकार हमारी सेहत से खिलवाड़ ही करते हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ कंपनियां अधिक मात्रा में स्टार्च का भी प्रयोग करती हैं। ये कालांतर शरीर में शूगर बढ़ने से मधुमेह का खतरा पैदा कर सकती हैं। अधिक तेल भी सेहत के लिये घातक होता है। सेहत वैज्ञानिक लंबे अरसे से कहते रहे हैं कि डिब्बाबंद खाना व जंकफूड शरीर में मोटापा बढ़ाता है। दरअसल, इसमें विद्यमान ट्रांस फैट कालांतर शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा देता है। इससे बाद में कई तरह के रोग पैदा हो जाते हैं। विशेषकर दिल के रोगों के लिये यह घातक साबित हो सकता है। एक अध्ययन बताता है कि हाल के वर्षों में भारतीयों के खाने में डिब्बाबंद भोजन का हिस्सा बढ़ा है। एक भारतीय रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि नई पीढ़ी घरों में खाना बनाने के बजाय डिब्बाबंद खाने को तरजीह दे रही है। जो कालांतर गैर संक्रामक रोगों को ही बढ़ावा देता है। विडंबना यह कि मां-बाप के मना करने के बावजूद नई पीढ़ी के किशोर व बच्चे डिब्बाबंद खाने और फास्ट फूड को अपना मुख्य भोजन बना रहे हैं। यही वजह है कि बड़ी उम्र में होने वाले लाइफस्टाइल के रोग अब बच्चों व किशोरों में भी होने लगे हैं। निश्चित ही इटली में हुआ शोध हमारी आंख खोलने वाला होना चाहिए। लोगों को डिब्बाबंद भोजन से परहेज करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

# घर में घुसकर कथित ओर उसके परिवार ने बोला हमला

## कथित ओर उसके परिवार पर हुआ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुराः** थाना एत्मादपुर में लगातार कथित ओर उसके साथियों का आतंक बना हुआ है अपने आप को पत्रकार बताने बाला कथित अनिल चौधरी लगातार सुर्खियों में बना हुआ है कभी यह लुट करता है ।तो कभी पुलिस की टोपी पहनकर अवैध वसूली लगातार अनिल चौधरी पर कई मुकदमे दर्ज हो रहे है मगर कुछ संग्रक्षण दाताओं की मदद से हर बार पुलिस से बच जाता है ।कथित अनिल चौधरी पर थाना बरहन में तीन तो थाना ट्रांस यमुना में तीन ओर अभी हाल ही में थाना एत्मादपुर में गंभारी धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित सुनीता देवी ने दी तहरीर में आरोप लगाया है ।की खुद को पत्रकार बताने बाला अनिल चौधरी और उसका भाई नवनीत ,सीटू ,अजित और इसके पिता अरुण उर्फ मुकुट घर में तमंचा और सरिया लेकर घर में घुस आएं।और रोहित के सर में सरिया से बार करके उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया ।पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू के दी है कथित पत्रकार बनकर कर रहा आपराधिक गतिविधियां अनिल चौधरी पत्रकार बनने से पहले थाना बरहन से तीन बार जेल जा चुका है। यहां तक कि यह इतना शातिर है ।की वसूली के लिए पुलिस की टोपी तक पहन लेता है ।और खुद को पुलिसकर्मी बताकर भोलीभाली जनता से वसूली करता है ।अभी कुछ साल पहले थाना ट्रांस यमुना में एक पीड़ित से हत्या के केश में नाम निकलवाने के नाम पर 40 हजार की वसूली की थी ।पुलिस ने मिली तहरीर पर रंगदारी का मुकदमा लिखा था ।इसके बाद



भी इसने पीड़ित को फोन कर धमकाया तो एक ओर मुकदमा इसी थाने में लिखा गया ।मगर इसकी गिरफ्तारी ना होने से इसने अपने कारनामे लगातार जारी रखे हुए है ।यह किसी को भी फोन करके गाली गलौज करता है ।इसकी तमाम ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। बरहन में भेस लेकर आ रहे गाड़ी चालक से वसूली थे बीस हजार सन 2020 में एक बाइक पर सवार होकर खुद को पत्रकार बताकर अनिल ओर इसके साथियों ने गाड़ी रोककर बीस हजार की वसूली की थी ।शक होने पर इन्हें पकड़कर थाना पुलिस को शॉप दिया था ।तब इनपर 420,419,341, 385 का मुकदमा लिखकर जेल भेजा गया शातिर ने दूसरों को फसाने के लिए मार ली थी अपने हाथ में गोली इसके शातिर पन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है ।इसने अपने विपक्षी को फसाने के लिए खेत पर ही अपने हाथ में गोली मार ली।और तमंचा फेंककर भाग गया ।कुछ दिन अपना इलाज एफ एच अस्पताल में करवाकर वापस लौट रहा था ।तब सब इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने चेकिंग के दौरान इसे दबोच लिया था।और इससे तमंचा बरामद कर इसे जेल भेज दिया कथित अपराधी अपने आप को बताता है किसी संस्था से यूपी हेड यह इतना शातिर है कि खुद को बचाने के लिए एक संस्था का यूपी हेड बन गया है ।बाकायदा सोशल मीडिया ग्रुप में अपने आप को किसी संस्था का यूपी हेड बताकर वायरल करता है ।जिससे शासन ओर प्रशासन को भ्रमित करके कार्यवाही से बच सके। आखिर किसने बना दिया यूपी हेड सबसे बड़ा सवाल है लगातार विवादित रहने के बाबजूद संस्था के संपादक ने इसे अब तक अपने यहां पत्रकार के तौर पर यूपी हेड बना रखा है ।आखिर ऐसे अपराधी को जोड़कर संस्था का संपादक समाज में क्या संदेश देना चाहता है ।क्या ऐसे ही अपराधी पत्रकारिता के पेशे को कब तक कलंकित करते रहेंगे

# रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृंदावन में विवेकानंद मंडपम का हुआ लोकार्पण

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुराः** वृन्दावन मथुरा रोड़ स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में श्रीराम कृष्ण मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में हॉस्पिटल के मुख्य द्वारा पर बने नवीन विवेकानंद मंडपम का उद्घाटन किया गया ।मंडप का उद्घाटन स्वामी बोधसारानंद महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन करके किया तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद महाराज को पुष्पांजलि अर्पित करके उनकी आरती की गई।

स्वामी बोधसारानंद महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद की मूर्ति कोई सामान्य मूर्ति नहीं है, यह चिन्मयी मूर्ति है। 'नर सेवा ही नारायण




सेवा है' इसके प्रेरणा स्त्रोत बनकर आज हमारे बीच कार्य कर रहे हैं। आज उनकी मूर्तियां देश-विदेश में पूजी जा रही हैं ।स्वामीजी की यह मूर्ति 12 जनवरी 2008 को रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के तात्कालीन संघ-अध्यक्ष श्रीमद् स्वामी आत्मस्थानंद महाराज के कर कमलों से हुआ था।आज उसी मूर्ति को धूप, वर्षा आदि से बचाने के लिए मंडप बनवाया गया है ।जिसके पास में फव्वारे लगाए गए हैं तथा निकटवर्ती बगीचे को भी सुंदर ढंग से विकसित किया गया है। अब लोग 24 घंटे स्वामीजी का दर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर मंडप के निर्माण कार्य करने वाले राजवीर, सचिन तथा पवन को स्मृति-चिन्ह, अंगवस्त्र आदि प्रदान करके सम्मानित किया गया। उदघाटन समारोह में आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रकाशानंद महाराज, स्वामी कालीकृष्णानंद महाराज, स्वामी ओजोमायानंद महाराज आदि के अलावा मठ के साधु-ब्रह्मचारी, डॉक्टर, नर्स तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।समारोह का समापन स्वामीजी को पुष्पांजलि अर्पित की तथा प्रसाद ग्रहण के साथ हुआ।

# 28 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**मीडिया फॉर यू, बाराबंकी संवाददाता अशरफ अली**




**बाराबंकी।** वैवाहिक कार्यक्रम मे शामिल होकर बाईक से वापस आ रहे एक 28 वर्षीय युवक ग्राम पलहरी के निकट अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी रात्रि मे ट्रामा सेंटर ले जाते समय मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी 28 वर्षीय पिंटू पुत्र बंशीलाल मंगलवार को ग्राम भिटरिया मे एक वैवाहिक कार्यक्रम मे शामिल होकर रात्रि करीब साढ़े 9 बजे घर लौट रहे थे कि लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम पलहरी के निकट अज्ञात वाहन ने टककर मार दी जिससे बाईक सवार पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गया एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया जिसे हिंद अस्पताल रेफर किया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया जिसे ले जाते समय मृत्यु हो गयी सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

## रंग ला रही है योगी सरकार की गोसंरक्षण और गोसंवर्धन की पहल

**लखनऊः** गोवंश का गोरक्षपीठ की परंपरा रही है। गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर की गोशाला इसका प्रमाण है। गोवंश की देशी प्रजातियों के लिहाज से ये गोशाला बेहद समृद्ध है। पीठ की परंपरा के अनुसार गोवंश का संरक्षण मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर के रूप में योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निराश्रित गो वंश का संरक्षण, गो पालकों कई तरह की रियायत और देना इसी की कड़ी है। इसी तरह गोवंश निरोग रहें इसलिए उनका नियमित टीकाकरण, नस्ल सुधार, इसके जरिए उनकी उत्पादकता बढ़ाने काम भी योगी सरकार लगातार कर रही है। गोवंश के संरक्षण और संवर्धन का ये सिलसिला जारी रहा तो आने वाले समय में उत्तर प्रदेश गाय के दूध के मामले में भी देश नंबर वन होगा। अभी यह उपलब्धि राजस्थान के नाम पर दर्ज है। उत्तर प्रदेश का स्थान दूसरा है।

# गाजियाबाद में "द साबरमती" की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन

## एमएलसी श्रीचंद शर्मा के नेतृत्व में सत्य और न्याय का संदेश

**मीडिया फॉर यू**
**गाजियाबाद : रविंद्र आर्य**

11 दिसंबर को ओपुलेंट मॉल में गोधरा कांड पर आधारित फिल्म "द साबरमती" की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व एमएलसी माननीय श्रीचंद शर्मा ने किया। स्क्रीनिंग में भाजपा कार्यकताओं, शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और धूम मानिकपुर की ग्रामीण महिलाओं ने भी भाग लिया।

### सत्य और न्याय का संदेश

श्रीचंद शर्मा ने फिल्म के माध्यम से गोधरा कांड की सच्चाई को सामने लाने के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव और जागरूकता का प्रतीक है। गोधरा की घटना, जिसमें 59 निर्दोष कारसेवकों को योजनाबद्ध तरीके से जिंदा जला दिया गया था, मानवता के खिलाफ एक गंभीर अपराध थी। इस फिल्म ने इस घटना की सच्चाई को निर्भीकता से पेश किया है।



### फिल्म का उद्देश्य

फिल्म का उद्देश्य समाज में एकता, सद्भावना और सनातन धर्म के संदेश को बढ़ावा देना है। श्रीशर्मा ने कहा, "झूठ तभी तक जीवित रहता है जब तक सत्य का सामना न किया जाए।" यह फिल्म सत्य और न्याय की शक्ति को उजागर करने का एक प्रभावशाली माध्यम बनी है।

### कलाकारों का बेहतरीन प्रदर्शन

फिल्म में सभी कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय ने दर्शकों को प्रभावित किया। उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता ने फिल्म को एक सशक्त संदेशवाहक बना दिया।

### टैक्स फ्री और व्यापक सराहना

"द साबरमती" को कई राज्यों में टैक्स फ्री घोषित किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्रियों ने इसे देखने की सिफारिश की है। फिल्म ने गोधरा कांड की सच्चाई को सामने लाने के साथ-साथ उन साजिशों को उजागर किया है, जिन्हें कुछ राजनीतिक दलों ने दबाने की कोशिश की।

### फिल्म का प्रभाव

यह आयोजन केवल एक फिल्म प्रदर्शन नहीं था, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर विचार करने और सनातन धर्म की समृद्धि को बढ़ावा देने का एक प्रयास था। गाजियाबाद में इस तरह के आयोजन से सत्य और न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया गया है।

# बोलती कलम

जब जब बोलती कलम
ला देती है क्रांति विचारधारा की
अच्छे अच्छे नेताओं के छूट जाते पसीने
तख्त बदल जाते हैं ताज छीन जाते हैं
अन्याय को मिल जाता न्याय
झूठ जाता कुचला सच होता उजागर
यूँ बोलती कलम बन कहर
कांप उठती आत्मा तक
जमीर खरीदने वालों की
मानवता को खंडित करने वालों की
धर्म के नाम अराजकता फैलाने वालों की
इज्जत , आबरू से खिलवाड़ करने वालों की
बोलती कलम जब
करती है वार तलवार सी
लहरा सच्चाई का परचम
झूठ, फरेब, अहंकार का कर नाश
बोलती कलम नहीं सिर्फ कोमल, डूबी प्रेम, वात्सल्य या
फूल पत्तों में रखती है कलेजा कड़ा भी उठाने का
आवाज बुलंद।।



मीनाक्षी सुकुमारन
नोएडा

# टाटा कैपिटल ने उत्तर प्रदेश में एमएसएमई खंड पर लगाया बड़ा दांव

**मीडिया फॉर यू**

**वाराणसीः** टाटा संस की प्रमुख वित्तीय सेवा शाखा, टाटा कैपिटल लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में एमएसएमई ऋण की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। उत्तर प्रदेश, अपने विविधीकृत व्यावसायिक परिदृश्य के साथ, कंपनी के लिए एक प्रमुख विकास बाजार बना हुआ है, जो टाटा कैपिटल के एमएसएमई पोर्टफोलियो में उल्लेखनीय योगदान देता है। टाटा कैपिटल ने उत्तर प्रदेश में अपनी शाखाओं की संख्या बढ़ाकर 82 कर ली है, जिससे आगरा, बरेली, बिजनौर, ग्रेटर नोएडा जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में इसकी पहुंच और बढ़ गई है। नेटवर्क में यह बढ़ोतरी कंपनी को कागज एवं छपाई, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्टील, स्वास्थ्य सेवा, ऑटो कंपोनेंट, रसायन क्षेत्रों में एमएसएमई की विभिन्न किस्म की वित्तीय जरूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करने में मदद करती है

टाटा कैपिटल के सीओओ- एसएमई फाइनेंस नरेंद्र कामत उत्तर प्रदेश अपनी उद्यमशीलता के जज्बे और निवेश के अवसरों के कारण हमेशा से हमारी व्यावसायिक रणनीति के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक रहा है उत्तर प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र फल-फूल रहा है और हमारे वित्तीय समाधानों की मांग में बढ़ोतरी दिख रही है हमारे विभिन्न किस्म के डिजिटल टूल ने एमएसएमई को हमारी वित्तीय सेवाओं का तेज गति से लाभ उठाने में मदद की है।

# अमेजन ने भारत में अपने डिलीवरी बेड़े में शामिल किए 10,000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन

**मीडिया फॉर यू**

**वाराणसीः** अमेजन ने आज घोषणा की कि उसने भारत में अपने डिलीवरी बेड़े में 10,000 इलेक्ट्रिक वाहन ईवी शामिल करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। कंपनी ने यह लक्ष्य, तय समय से एक साल से भी पहले यानी अक्टूबर 2024 में ही हासिल कर लिया। ईवी दिल्ली, मुंबई तथा बेंगलुरु में और लेह से गंगटोक तक कुल 500 शहरों में डिलीवरी कर रहे हैं। अमेजन ने इस लक्ष्य को तय अवधि से एक साल से भी पहले हासिल कर लिया है। पेरिस समझौते के मुकाबले 10 साल पहले यानी 2040 तक अपने परिचालन में नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन की अपनी क्लाइमेट प्लेज प्रतिबद्धता को




पूरा करने से जुड़े कंपनी के प्रयास के लिहाज से यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके जरिये कंपनी पारंपरिक डीजल वाहनों का उपयोग न कर कार्बन उत्सर्जन में कमी कर रही है

अमेजन इंडिया में परिचालन उपाध्यक्ष, अभिनव सिंह ने कहा हमारे बेड़े में 10,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों का होना और लंबी दूरी के इलेक्ट्रिक ट्रकों का सफलतापूर्वक परीक्षण करना, ये ऐसी उपलब्धियां हैं जिन पर हमें बहुत गर्व है। एक कंपनी और एक देश के रूप में, हमें भारत के नेट-जीरो लक्ष्यों को पूरा करने और डीजल माल ढुलाई पर निर्भरता कम करने के लिए जीरो टेलपाइप उत्सर्जन ट्रकों में बदलाव करना चाहिए। लॉजिस्टिक्स उद्योग अभी भी सीमित चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और रेंज से जुड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है और हम समाधान खोजने के लिए सरकार तथा उद्योग के प्रमुख संगठनों के साथ काम करना जारी रखने के लिए उत्साहित हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने दूर दराज से आए फरियादियों की फरियाद सुनकर किया निस्तारण



**मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर। अभिषेक**

प्राप्त समाचार के अनुसार आज भी प्रतिदिन की भांति मुजफ्फरनगर जनपद के जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा ने जनपद मुजफ्फरनगर के कोने-कोने से पधारे फरियादियों की फरियाद सुनकर गंभीरता पूर्वक उनका निस्तारण किया जिला अधिकारी उमेश मिश्रा की खास बात यह है कि फरियादी बैठे रहते हैं और जिलाधिकारी उमेश मिश्रा स्वयं फरियादियों के पास जाकर उनकी समस्या का गंभीरता पूर्वक सुनकर निस्तारण करते हैं जिसकी प्रशंसा पूरे जनपद में हो रही है।

## जनता दर्शन दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शैलेश जैन नें जन समस्याओं का निस्तारण किया



**मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर। अभिषेक**

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी महोदय श्री उमेश मिश्रा के आदेशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेश जैन के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दर्शन में सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओं/शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुन कर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर` करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर सहित जनता दर्शन में आये आम जन उपस्थित रहे।

## थाना नई मंडी क्षेत्र कूकड़ा के तुलसीनगर में गली नंबर 2 मे दबंग युवक अवैध असला लेकर कॉलोनी वासियों पर कर रहे हैं प्रहार कॉलोनीवासियो में दहशत का माहौल

**मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**



मुजफ्फरनगर नई मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कूकड़ा के तुलसीनगर में गली नंबर 2 के अंदर कुछ असलाधारी दबंग युवक बाइकों पर सवार होकर घुस आए जिन्होंने कॉलोनी में ही एक व्यक्ति पर डंडों से प्रहार किया वही कॉलोनी के निवासी सचिन प्रजापति ने दबंग युवकों की बाईक को पकड़ लिया दबंग व्यक्तियों ने सचिन प्रजापति पर अवैध असलेह से प्रहार किया गामिंन्त यह रही के कोई अनहोनी घटना नहीं घाटी यह सारी घटना सीसीटीवी में कैद हुई इसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने कोई भी तसल्ली पक्ष कार्यवाही का आश्वासन नहीं दिया इस तरीके की घटना से कॉलोनी वासियो में दहशत का माहौल है और दबंग व्यक्ति किसी भी समय कॉलोनी में प्रहार कर सकते हैं इसलिए कॉलोनी वासियों को अपनी जान माल का खतरा है

# जिला प्रशासन की नई पहल, तहसील आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**>> तहसील आपके द्वार कार्यक्रम में ग्राम निरगाजनी. बेहडा थू, बेलडा, धीराहेडी के ग्रामों की समस्याओं का मौके पर हुआ निस्तारण**

**>> ग्रामवासियों की समस्या निस्तारण के साथ कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी**

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगरः** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के कुशल निर्देशन में आज जिला प्रशासन द्वारा नई पहल करते हुए तहसील जानसठ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम निरगाजनी में ह्यतहसील आपके द्वारह्न कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नरेन्द्र बहादुर सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा किया गया उप जिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार ने बताया कि आज ह्यतहसील आपके द्वारह्न कार्यक्रम में ग्राम निरगाजनी. बेहडा थ्रू, बेलडा, धीराहेडी के ग्रामों की समस्याओं के निस्तारण हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में राजस्व, विकास, कृषि, समाज कल्याण, आपूर्ति से सम्बन्धित सक्षम अधिकारी व कर्मचारी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित उपस्थित रहे। कैम्प में सभी चारों ग्रामों के किसानों ने बढ़-चढ उत्साह के साथ प्रतिभाग किया तथा विभिन्न विभागों से सम्बन्धित अपनी समस्याओं को रखा।



कैम्प में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय द्वारा जमीनी स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं के बारे में किसानों एवं उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया गया तहसील आपके द्वार कैम्प में राजस्य विभाग से सम्बन्धित अविवादित वरासत, खातेदारों के अंश दुरुस्ती, ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे आदि शिकायतें प्राप्त हुई अन्य विभाग यथा आपूर्ति, विकास, समाज कल्याण, कृषि से सम्बन्धित अधिकतर समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया गया उप जिलाधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि तहसील आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत आज राशन कार्ड से सम्बन्धित कुल 10 शिकायर्त प्राप्त हुई, जिसके सापेक्ष 06 शिकायर्ता का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा 04 अवशेष शिकायतों का निस्तारण जांचोपरान्त किया जायेगा। किसान सम्मान निधि योजना से सम्बन्धित कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया है। फार्मर रजिस्ट्री से सम्बन्धित 23 कृषकों का फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही मौके पर ही कर दी गयी है। पेशन से सम्बन्धित कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया एवं अवशेष 04 शिकायतों में डी बी टी होने के उपरान्त निस्तारण कर दिया जायेगा। शौचालय बनवाने से सम्बन्धित कुल 10 नये आवेदन प्राप्त हुये, जिनको जांचोपरान्त निस्तारण किया जायेगा। राजस्व विभाग से सम्बन्धित भूमि विवाद की कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 04 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा 03 अवशेष शिकायतें न्यायिक प्रक्रियाधीन होने के कारण निस्तारण नहीं हो सका तथा अविवादित वरासत से सम्बन्धित 03 आवेदन प्राप्त हुये, जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। इस अवसर पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिंद्रा ने बॉमा कॉनेक्सपो दिल्ली में लॉन्च की निर्माण उपकरणों की अत्याधुनिक सीईवी-वी रेंज

**मीडिया फॉर यू**

**वाराणसीः** महिंद्रा समूह के अंग, महिंद्रा कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीजन एमसीई ने आज बॉमा कॉनेक्सपो 2024 में अपने नवीनतम उपकरण पेश किये जो नवोन्मेष और विश्वसनीयता के प्रति व्यवसाय की प्रतिबद्धता दशार्ते हैं निर्माण कंस्ट्रक्शन उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज अपने संबंधित श्रेणियों में मानकों को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार है, जिसमें नवीनतम उद्योग मानदंडों का अनुपालन के साथ बेहतर फीचर पेश किये गए हैं। इंडिया एक्सपो सेंटर में महिंद्रा पैवेलियन में रोडमास्टर और अर्थमास्टर जैसे महिंद्रा बीएसवी निर्माण उपकरणों की पूरी रेंज के साथ-साथ



निर्माण खंड के लिए व्यापक ट्रक रेंज झ ब्लेजो एक्स 48 सीएलएस 10७४ टिपर, ब्लेजो एक्स एम-ड्यूरा 35 8७४ टिपर, 7.5 सह कैपेसिटी ड्रम के साथ ब्लेजो एक्स 28 ट्रांजिट मिक्सर, 6केएल क्षमता के साथ फ्यूरियो 10 फ्यूल बॉउजर और बोलेरो कैंपर और मैक्स पिक-अप प्रदर्शित किए गए

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ट्रक एवं बस और निर्माण उपकरण के व्यवसाय प्रमुख बिजनेस हेड डॉ. वेंकट श्रीनिवास ने कहा कंपनी का अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को पेश करने का निरंतर प्रयास, स्थानीय तौर पर विनिर्माण पर जोर आदि हमारी मेक इन इंडिया पहल में उल्लेखनीय योगदान करने की कोशिश की मिसाल है। बॉमा कॉनेक्सपो में निर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज की प्रस्तुति, भारत सरकार द्वारा निर्धारित वहनीयता लक्ष्यों के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। नई सीईवी5 रेंज हमारे इंजीनियरों की तत्परता का प्रमाण है, जिन्होंने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करते हुए इन उत्पादों का विकास किया है। यह रेंज विशेष रूप से बड़े, अधिक आरामदायक केबिन से सुसज्जित है ताकि ऑपरेटर की उत्पादकता बढ़ सके।

## भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम के दौरान राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं ने प्रस्तुत किए संस्कृतिक कार्यक्रम



**रामपुर।** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज रामपुर में भारतीय भाषा उत्सव* कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक आदान-प्रदान दिवस* मनाया गया । जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रांतो की भाषा में नृत्य किया इसके अतिरिक्त विभिन्न भाषाओं में गीत गए जैसे संस्कृत भाषा उर्दू भाषा ,हिंदी, भोजपुरी, राजस्थानी आदि। सर्वप्रथम कॉलेज की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किए गए जैसे पंजाबी ,हिंदी ,हरियाणवी, राजस्थानी आदि भाषा के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। उसके पश्चात गीतों की कड़ी में छात्राओं ने नात , भजन, गजल ,गीत, संस्कृत गीत आदि प्रस्तुत किया ।प्रधानाचार्य डॉ शालू कौशल ने छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर भारतीय भाषा उत्सव की नोडल अधिकारी शमीम खान ,रेणु देवी, प्रगति गोयल, पूजा, अफीफा, खदीजा ,नाजिया,तबस्सुम आदि शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम में सहयोग किया

## एडीएम फाइनेंस ने की प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ठंड और कोहरे से बचाव की व्यवस्थाओं का ओचक निरीक्षण

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**



मुजफ्फरनगर अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार व एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी ने देर रात्रि 12 बजे तहसील खतौली क्षेत्र अंतर्गत समस्त अलाव को चेक किया रेन बसेरा का निरीक्षण किया तथा नगर पालिका क्षेत्र में बनी गौशाला का भी निरीक्षण किया दोनों अधिकारियों ने खतौली क्षेत्र के समस्त क्षेत्र में भ्रमण किया कि कोई भी व्यक्ति बाहर तो नहीं सो रहा है कोई भी व्यक्ति किसी भी गली मोहल्ले में बाहर सोता नहीं पाया दोनों अधिकारी रेलवे स्टेशन गए जहां पर एक राहगीर मिला जिसको नगर पालिका में बने रैन बसेरे में राहगीर को पहुंचाया गया। इस दौरान पात्र व्यक्ति को कंबल भी दिया गया। तहसील खतौली में प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए सभी पॉइंट्स पर अलाव जलते हुए पाए गए रैन बसेरे में साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी पाई गई। जिस पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी की प्रंशसा की।इस मौके पर नायब तहसीलदार खतौली अमित रस्तोगी, नायब तहसीलदार मंसूरपुर, राजीव कुमार त्यागी व नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक मिथलेश पाल के साथ प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने किया कान्हा जी की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने आज बुधवार को जानसठ क्षेत्र के गांव तालड़ा में मोक्षदा एकादशी पर्व के अवसर पर निकाली गई कान्हा जी की शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मीरापुर मिथलेश पाल के साथ मिलकर फीता काटकर किया। इस दौरान मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों, आयोजकों और क्षेत्र के लोगों ने दोनों अतिथियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने बताया कि बुधवार को सच्चा प्रकाश आश्रम शुकतीर्थ की संचालक साध्वी पूजा के द्वारा ग्राम तालड़ा स्थित मां बाला सुन्दरी मंदिर परिसर से मोक्षदा एकादशी पर्व पर कान्हा जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। हम खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं कि आज यहां इस शोभायात्रा में शामिल होने का अवसर मिला। आज हम कान्हा जी की शोभायात्रा लेकर तालड़ा से जानसठ भ्रमण पर



निकले है, यह भगवान सभी का कल्याण करने वाले और सृष्टि के रचियता हैं। ऐसे आयोजनों से ही युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ती है और धर्म एवं संस्कारों का प्रचार प्रसार होता है। इसमें युवाओं की भागीदारी यह साबित करती है कि आज का युवा अपने धर्म और संस्कृति के प्रति संवेदनशील और जागरुक हो रहा है। उन्होंने साध्वी पूजा और मां बाला सुन्दरी मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारियों का आभार भी जताया कि उन्होंने इस आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर उनको प्रदान किया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित रहीं मीरापुर विधायक मिथलेश पाल को भी एक बड़ी जीत के लिए बधाई दी।

मीरापुर विधायक मिथलेश पाल ने इस अवसर पर कहा कि हमारे सनातन धर्म में भगवान श्री कृष्ण की बहुत मान्यता हैं। आज हिंदू समाज के लोग भगवान श्री कृष्ण का 5202वां जन्म दिवस मना रहा है। इसके लिए सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने सभी से आहवान करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान करें और अपने राष्ट्र के हित तथा धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आयें तथा ऐसे धार्मिक आयोजनों में पूरे उत्साह से भाग लें। सहरावत खाप के प्रदेश अध्यक्ष संजीव सहरावत ने कहा कि इस शोभायात्रा से धर्म का प्रचार हुआ है। सभी को ऐसे अपने धार्मिक आयोजनों में भारी उत्साह के साथ प्रतिभाग करना चाहिए। अपने बच्चों को और महिलाओं को भी इससे जोड़ना चाहिए। इसी से बच्चों में अनुशासन और संस्कार पैदा होते हैं। धर्म से जुड़ेंगे तो वो देश, समाज और परिवार के प्रति भी संवेदनशील बनेंगे। सच्चा प्रकाश आश्रम की संचालक साध्वी पूजा ने कहा कि आज गीता जयंती का सुखद और धार्मिक अवसर भी है। यहां आज ठाकुर जी की स्थापना को दो वर्ष पूर्ण हुए हैं। इस अवसर पर तालड़ा से उनकी शोभयात्रा का प्रारम्भ हुआ, जो जानसठ भ्रमण पर निकली है। इसमें श्रधालुओं का बहुत उत्साह देखने को मिला। उन्होंने मुख्य अतिथियों विधायक मिथलेश पाल और प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी का भी आभार प्रकट किया

## भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा समर्पित निधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मण्डी मुजफ्फरनगर में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा 'समर्पण निधि' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार (मेरठ प्रांत संगठन मंत्री) व विपुल भटनागर जी (पुरातन छात्र, इंडियन इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष) रहे। इस कार्यक्रम के संचालक भुजेंद्र (प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर साकेत, जिला समन्वयक) रहे ।इस अवसर पर सुभाष चंद्र गुप्त (अध्यक्ष भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर ) प्रमोद कुमार तिवारी (प्रबंधक भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर )श्रीचरण पाल (अध्यक्ष जन शिक्षा समिति )राज सिंह (सेवानिवृत्ति सदस्य आर.एस.एस.)कोशल आर्य (प्रधानाचार्य केशवपुरी)बीरजग (संभाग निरीक्षक मेरठ प्रांत) सीमा गोयल(प्रधानाचार्या ) एवं समस्त विद्यालय स्टाफ एवं समाज के गणमान्य लोग ,अभिभावक आदि उपस्थित रहें कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की समक्ष दीप



प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया ।मुख्य वक्ता के रूप में प्रदीप ने सभी का मार्गदर्शन किया ,और बताया कि किस प्रकार से विद्या भारती की स्थापना हुई, पहला विद्यालय स्थापित हुआ, और धीरे-धीरे एक विद्यालय से अनेकों विद्यालय चलने शुरू हो गए ।इन विद्यालयों का कार्य सिर्फ विद्या देना ही नहीं बल्की संस्कारों से पूर्ण शिक्षा देना है ।उन्होंने बताया कि लद्दाख व जम्मू कश्मीर में भी ऐसी ही विद्यालय खोले गए ,जिसमें विद्यार्थी राष्ट्रीय गान, प्रार्थना एवं संस्कार केंद्र के साथ शिक्षा ग्रहण करते हैं। विद्या भारती के अभिभावक संपर्क के माध्यम से समाज में सुधार होता है। रॉफेल प्रथम महिला पायलट विद्या भारती की ही छात्रा थी। इसरो में चंद्रयान-3 की टीम मे 9 सदस्य विद्या भारती के पुरातन छात्र-छात्रा रहे। इस तरह से विद्या भारती के छात्र -छात्रा देश विदेश के बड़े-बड़े पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि "हिंदू देश का प्राण है हिंदू मजबूत बनेगा तो देश मजबूत बनेगा जो विश्व का कल्याण चाहता है वही अपने देश को जग सिर मोर बना सकता है। इन्हीं सुंदर शब्दों के साथ उन्होंने भारत माता की जय' के नारों के साथ समर्पण निधि का कार्य शुरू किया। जिसमें सभी गणमान्य बांधुओं,अभिभावकों, आचार्य आचायाओं के द्वारा समर्पण निधि कि गयी ।इस शुभ अवसर पर विद्यालय की आचार्या सुकर्मा शर्मा जी ने" हिंदी भाषा दिवस" पर अपने विचार प्रस्तुत किये और कार्यक्रम की शोभा को और अधिक पढ़ाया इसी श्रृंखला में विद्यालय की आचार्या लक्ष्मी माहेश्वरी ने एकल गीत प्रस्तुत किया। जिसकी सभी ने प्रशंसा की कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

## गीता जयंती महोत्सव पर विशाल गीता पाठ एवं हवन का आयोजन संपन्न

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार मुजफ्फरनगर एवं सत्संग भवन ट्रस्ट परिवार द्वारा गीता जयंती महोत्सव 2024 के शुभ अवसर पर गीता जी के हवन, गीता पाठ एवं एक मिनट सामूहिक गीता पाठ का भव्य आयोजन 11 दिसंबर 2024 को किया गया। यह कार्यक्रम सत्संग भवन, पेट्रोल पंप के पास, शामली रोड पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात विद्वान पंडितों ने गीता जी के श्लोकों के साथ हवन और गीता जी की आरती संपन्न कराई। श्री कृष्ण भक्ति में रमे भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुबह 11 बजे एक मिनट के सामूहिक गीता पाठ (तीन श्लोक) का आयोजन रहा,



जिसमें सत्संग भवन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे समर्पण भाव के साथ भाग लिया ।महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से, शहर के विभिन्न स्थानों पर गीता पाठ कराया गया। मुजफ्फरनगर कारागार में लगभग 2500 बंदियों ने सामूहिक गीता पाठ किया, जिसका विशेष सहयोग श्री शैलेन्द्र किंगर जी ने किया। शहर के विभिन्न मंदिरों में विद्वान पंडितों ने गीता पाठ कराया, वहीं विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में लगभग 11,000 विद्यार्थियों ने गीता पाठ में भाग लिया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीश्याम लाल बंसल, सुरेंद्र अग्रवाल, एडवोकेट अमरकांत गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, त्रिलोक चंद, महेंद्र गोयल, गिरीश अग्रवाल, लोकेश चंद्र, अखिलेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अतुल गर्ग, रामबीर सिंह, सुभाष गोयल, अजय गर्ग, प्रेम प्रकाश अरोड़ा, और अशोक शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं एवं महिलाओं ने विशेष भूमिका निभाई। सत्संग भवन में उपस्थित श्रद्धालुओं को कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस भव्य आयोजन के लिए श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार ने सभी सहभागियों, विद्वानों एवं श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया। यह जानकारी श्री अतुल कुमार गर्ग, महामंत्री, श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार मुजफ्फरनगर द्वारा दी गई।

12 DEC 2024 M4U:Layout 1 11-Dec-24 8:07 PM Page 4



# कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**मीडिया फॉर यू**
**बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर बिजनौर से सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव बिहार के प्रभारी व कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन जनाब शाहनवाज आलम साहब के निदेर्शानुसार और वसीम अकरम एड जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग बिजनौर के नेतृत्व मे जिलाधिकारी द्वारा मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय को विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश शेखर कुमार यादव व न्यायाधीश दिनेश पाठक के भाग लेने उद्घाटन करने व अमर्यादित टिप्पणी करने के विरोध में ज्ञापन दिया दा वायर दा लॉ हिंदुस्तान टाइम्स व दा फेडरल में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार रविवार 8 दिसंबर 2024 इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव ने विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया व न्यायाधीश दिनेश पाठक ने उद्घाटन किया जस्टिस शेखर कुमार यादव और जस्टिस दिनेश पाठक किसी गैर सरकारी और गैर विभागीय मंच पर कैसे जा सकते हैं यह जजों के कोड ऑफ कंडक्ट के खिलाफ है



यू०सी०सी यूनिफार्म सिविल कोड भाजपा के चुनावी एजेंडा है जिस पर अधिकतर राजनैतिक दलों में मतभेद है कानून बनाना विधायकों का काम है न्यायपालिका का नहीं न्यायपालिका का काम केवल विधायकों द्वारा बनाए गए कानून की व्याख्या करना और उसके क्रियान्वयन को निर्देशित करना है परन्तु यू०सी०सी० लागू करने के पक्ष में जस्टिस यादव का बयान भाजपा के एजेंडे को किर्यान्वित करना है जस्टिस शेखर कुमार यादव ने कहना कि मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि यह भारत है और यह अपने बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार चलेगा ये बताता है कि जस्टिस यादव संविधान तक को नहीं मानते जो भारत को बहुसंख्यक वादी राज्य नहीं बल्कि सेकुलर और लोकतांत्रिक राज्य मानता है जिसके अनुसार देश को संविधान के हिसाब से चलना है जस्टिस शेखर यादव संविधान को नहीं मानते तो वो संविधान की अभिरक्षा के लिए बने न्यायपालिका के सदस्य कैसे रह सकते हैं जस्टिस यादव का विवादित बयानों से पुराना नाता है जिन्होंने गाय को राष्ट्रीय पशु बनाए जाने संबंधी बयान देते हुए कहा था कि गाय एकमात्र ऐसी जानवर है जो ऑक्सीजन लेती और छोड़ती है ऐसी अवैज्ञानिक बात करना संविधान के आर्टिकल 51-ए एच के खिलाफ है जो वैज्ञानिक चिंतन के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी हर नागरिक को देता है ज्ञापन के माध्यम से सविंधान में आस्था रखने वाले हम लोग आप से पूछते एवं मांग करते हैं कि क्या सेक्युलर राज्य के न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पद पर रहते हुए उच्च न्यायालय के न्यायाधीशो का राजनैतिक पार्टियों के कार्यक्रम में हिस्सा लेना संवैधानिक आचरण के अनुरूप है

क्या इन दोनों जजों के पूर्व के फैसलों की समीक्षा सुप्रीम कोर्ट को नही करनी चाहिएअमर्यादित भाषा व अलोकतांत्रिक व्यवहार को खुद संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट को इन दोनों जजों को पद से हटा देना मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी है विधायक और कार्यपालिका से कहीं ज्यादा लोग अब भी न्यायपालिका पर विश्वास करते हैं इस विश्वास को कायम रखना और मजबूत करना आपकी ज़िम्मेदारी है इसमें आपकी विफलता संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करेगी इस दौरान साथ मे अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष हुमांयू बेग जी कांग्रेस वरिष्ठ नेता वकार जी कांग्रेस वरिष्ठ नेता मौ मोहसिन डॉक्टर जुनैद अली डॉक्टर अजीम अहमद मौ आदिल मौ हिफजांन नसीम अहमद नवाजिश अंसारी गुलाम हैदर नौशाद मलिक अजीम अहमद वसीम अहमद मौ रिजवान फिरोज अहमद एवं कांग्रेस अल्पसंख्यक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे

# संक्षिप्त समाचार

## मांट मिनी स्टेडियम में प्रांतीय रक्षक दल का स्थापना दिवस मनाया गया इसकी मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रहे



**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुराः** प्रांतीय रक्षक दल की स्थापना 11 दिसंबर 1948 में हुई थी जिसे लेकर 76 वां स्थापना दिवस मनाया गया मिनी स्टेडियम माट में इस स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि माट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी उपस्थित रहे वहीं पीआरडी जवानों ने क्षेत्रीय विधायक को परेड कर सलामी दी और प्रेम शंकर कमांडेंट व बीओ युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग ने क्षेत्रीय विधायक का पटुका पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया इस मौके पर फरह माट छाता बलदेव गोवर्धन मथुरा नंदगांव बरसाना 10 ब्लॉकों के पीआरडी जवान व बीओ मौजूद रहे सभी ने मिलकर माट मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय स्थापना दिवस मनाया वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पीआरडी जवानों को पुरस्कृत किया गया

## क्रांतिकारी शालू सैनी ने आज फिर से एक साथ दो लावारिस शवों को अपना नाम देते हुए किया अंतिम संस्कार



**मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर जनपद में हर आम व खास के मुख पर लावारिसों की वारिस के नाम से चचाओं में रहने वाली क्रांतिकारी शालू सैनी ने हर रोज की तरह आज भी एक साथ दो लावारिस शवों को अपना नाम देते हुए अंतिम संस्कार किया पिछले कई सालों से लावारिसों पुण्य आत्माओं का अंतिम संस्कार करना व वृद्धजनों का सहारा बनने के लिए शालू सैनी ने खुद को समर्पित किया हुआ हैं वही क्रांतिकारी शालू सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उन्होंने दो लावारिस शवों को अपना नाम देते हुए अंतिम संस्कार किया जिसमें एक लावारिस शव की सूचना एक लावारिस शव की सूचना जीआरपीएफ खतौली और एक सूचना खतौली थाने से मिली थी वही लोगों का कहना है कि लावारिसों की वारिस क्रांतिकारी शालू सैनी मानों एक फरिस्ता बनकर ही इस धरती पर आई और बेसहारा लोगों का सहारा बनकर मोह माया का मोह छोडकर सेवा में लग चुकी हैं समाज सेवा के नाम पर अपनी सेवा तो तमाम सेवादारों को देखा गया हैं मगर लावारिसों की वारिस क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा ही समाज सेवा का असली चेहरा जनता जनार्दन के सामने लेकर आई हैं

## सपा विधायक मनोज पारस जी ने वैवाहिक जोड़े को शुभकामनाएं दी



**मीडिया फॉर यू, बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर जिला बिजनौर के नगीना से सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मौहल्ला सरायमीर निवासी मास्टर अली हसन उस्मानी साहब की बेटी की शादी में विधायक नगीना पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार माननीय मनोज पारस जी ने पैराडाइज बैंकट हॉल नगीना मे शिरकत कर नव वैवाहिक जोड़े को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की उन्होंने खुदा से दुआ कि नव विवाहित जोड़े पर सुखद, समृद्ध और सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद बनाए रखें इस शुभ अवसर पर उनके साथ हाजी रोशन साहब यामीन अंसारी साहब उर्फ मिन्ना भाई आफताब अंसारी साहब अतीक अंसारी साहब इकबाल कुरैशी साहब गुड्डू अंसारी साहब सरफराज अंसारी साहब शमशाद रशीद माहीगीर परवेज आदिल साहब आदि काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे

# आभा फाउंडेशन ने पांच हजार रजाइयों का वितरण किया जरूरत मन खुश नजर आए

**मीडिया फॉर यू**
**बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर तहसील के अंतर्गत बिजनौर रोड स्थित फादर्सन पब्लिक स्कूल में आभा फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंदों के लिए निशुल्क रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में पांच हजार रजाइयों का वितरण किया गया जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों ने उठाया यह वितरण ठंड से बचाव के लिए किया गया और फाउंडेशन की संस्थापक आभा सिंह ने स्वयं अपने हाथों से रजाईया वितरण की आभा फाउंडेशन ने गत वर्षो की भांति परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी रजाई वितरण का आयोजन किया यह आयोजन आभा सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर हुआ और इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय व क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की संस्थापक आभा सिंह ने सभी सहयोगियों व पत्रकारों का आभार व्यक्त किया आभा सिंह ने घोषणा की कि भविष्य में भी इसी तरह के समाज सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे फाउंडेशन ने 5 जनवरी 2025 को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन करने की घोषणा की जो पिछले महीने आयोजित शिविर की तरह होगा आभा फाउंडेशन पिछले लगभग 10 वर्षों से क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक कार्य कर रहा है फाउंडेशन द्वारा शादी विवाह में सहायता नेत्र चिकित्सा शिविर सिलाई बुनाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की मदद में भी फाउंडेशन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्थानीय व क्षेत्र के लोगों ने आभा फाउंडेशन की जमकर सराहना की है और इसके प्रयासों की प्रशंसा भी की है उधर जरूरत मंद महिलाएं व पुरुष रजाई लेकर जाते हुए आभा जी को दुआएं देते हुए नजर आए




# मांट विधायक राजेश चौधरी द्वारा मांट तहसील में गरीबों को बांटे कंबल



**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुराः** आज क्षेत्रीय विधायक राजेश चौधरी द्वारा मांट तहसील में गरीबों को कंबलों का वितरण किया गया जिसमे सैकड़ों लोग मौजूद रहे विधायक राजेश चौधरी ने बताया कि योगी सरकार गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पहुंचा रही है जिसमें अब सर्दियों का मौसम आ गया है उसे देखते हुए आज हमने कंबल वितरण का कार्यक्रम रखा हे कंबल वितरण पारदर्शी तरीके से किया गया है जो भी योजनाएं चल रही हे सब गरीबों के कल्याण के लिए चल रही है तहसील परिसर में सेकडो महिला पुरुष मौजूद थे इस अवसर पर एस डी एम अभिनव जैन तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता नायब तहसीलदार पंकज यादव जितेंद्र सिंह के अलावा लेखपाल व कानूनगो मौजूद रहे

# सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**मीडिया फॉर यू , डॉक्टर सगीर अहमद**

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर) !** बुधवार को मुख्यचिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीदत्तगंज के अन्तर्गत पल्स पोलियों अभियान दिसम्बर 2024 की टीम संख्याः 39 एवं 42 का निरीक्षण किया गया । टीम संख्याः 39 में श्रीमती कैलाशी देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित पायी गयी । इसके बाद आयुष्मान आरोग्य मन्दिर गुमडी व कालिन्जर ग्रांट का निरीक्षण किया गया । गुमडी के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशान्त सिंह व कालिन्जर ग्रांट की सीएचओ शारदा भारती सभी आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखा पाये । ओपीडी रजिस्टर देखने से ज्ञात हुआ कि नियमित मरीज देखे नही जा रहे है। साफ सफाई असंतोषजनक था , जिसे सफाई कराने एवं दोनों के एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिये।



इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीदत्तगंज का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सुमन्त सिंह चौहान अनुपस्थित थे । उपस्थित चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग पाण्डेय द्वारा बताया गया कि डॉ अभिषेक यादव रात्रि ड्यूटी करके गये है । उपस्थित पंजिका का अवलोकन करने पर अवधेश कुमार पाण्डेय (नियमित) व संविदा कर्मचारियों में राजेश कश्यप (वार्ड ब्वाय), राम कुमार (स्वीपर कम चौकीदार) अनुपस्थित पाये गये । अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश सीएमओ ने दिया।चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग पाण्डेय को अस्पताल की रंगाई पुताई व कैम्पस में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तत्काल कराने की निर्देश दिये गये । मौके पर डीएमओ राजेश पाण्डेय, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, बीपीएम आशुतोष शुक्ला आदि मौजूद रहे !

# सदस्य राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मीडिया फॉर यू देवीपाटन मंडल प्रभारी निसार अहमद उस्मानी**

**बलरामपुर ,** सदस्य, राज्य महिला आयोग श्रीमती अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई की गई। उन्होंने शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को सहानुभूति पूर्वक सुना जाए तथा तत्परता से आवश्यक कार्यवाही भी की जाए, महिला संबंधी शिकायत के निस्तारण में देरी न की जाए। इस दौरान उन्होंने विकास खण्ड सदर बलरामपुर में श्रम विभाग, सामाज कल्याण विभाग, दिव्यागंजन सशक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित योजनाओं का स्टॉल का अवलोकन किया एवं महिला कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर , जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे !

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला "पोषण भी पढाई भी" आयोजित

**मीडिया फॉर यू , गिरीश चंद पाण्डेय**

**रेहरा बाजार (बलरामपुर) !** आई सी डी एस विभाग द्वारा परियोजना के तहत चयनित 100 आंगनवाड़ी केंद्रों की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने और आंगनवाड़ियों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु कार्यकत्रियों की क्षमताओं का विकास करना था। साथ ही साथ आई सी डी एस विभाग के द्वारा प्रदान किए जाने वाले समस्त सेवाओ के संबंध में कार्यशाला आयोजित किया गया '




जिसके अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ निहारिका विश्वकर्मा के द्वारा किया गया और ब्लाक प्रमुख पंकज चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ला बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ संदीप कुमार, आर बी एस के टीम के सदस्य डॉ अशरफ,ए आर पी चंद्रधर पाठक, मुख्य मंत्री द्वारा पुरस्कृत अध्यापक श्री राम ,पानी संस्थान से ब्लॉक समन्वयक जया श्रीवास्तव, मुख्य सेविका श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी, नीलम देवी वर्मा, मनोरानी पानी संस्था से क्षेत्र समन्वयक अर्चना वर्मा और शबाना अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

# डीएम की अध्यक्षता में निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मीडिया फॉर यू देवीपाटन मंडल प्रभारी निसार अहमद उस्मानी**

**बलरामपुर** , जनपद में संचालित रु० 50 लाख से अधिक लागत की 69 निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएम द्वारा जनपद में संचालित सभी निर्माणधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति जानी।

उन्होंने निर्माण कार्य कार्यों में तेजी लाते हुए माह से सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र शासन में समय से भेज दिया जाए जिससे कि शेष किश्त समय से प्राप्त हो। उन्होंने निर्माणधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने नई सड़कों का निर्माण , अनुरक्षण , गड्ढामुक्ति आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। बैठक मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी , अधिशाषी अधिकारी पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे !



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, नीरज कुमार गुप्ता ने मैं0 मोनेक्स ऑफसेट एस डी कांप्लैक्स निकट एमएमजी अस्पताल जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर बी 10/6 उमेश पार्क, मोदीनगर, जिला गाजियाबाद से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय होगा। मोबाइल नं. 9870629696 संपादक नीरज कुमार गुप्ता